





# मोहर्रम पर्व को लेकर पुलिस ने शहर में किया पैदल मार्च

## शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने का दिया संदेश, पुलिस अधीक्षक सहित अधिकारी रहे शामिल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 जून, मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रीवा डॉ0 गुरकरन सिंह के निर्देशन में शहर के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों एवं प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च/पैदल मार्च निकाला गया. मार्च का नेतृत्व स्वयं पुलिस अधीक्षक रीवा द्वारा किया गया.**



पैदल मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा, नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन, थाना प्रभारी एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे. मार्च शहर के प्रमुख बाजारों, चौक-चौराहों एवं मोहर्रम जुलूस मार्गों से होकर निकला. इस दौरान आमजन को शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने का संदेश दिया गया. पुलिस अधीक्षक रीवा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मोहर्रम पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु सतर्क एवं सक्रिय रहें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह, असामाजिक गतिविधि या शांति भंग करने के प्रयासों पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें. उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी भ्रामक सूचना पर विश्वास न करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें. पैदल मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना, असामाजिक तत्वों में कानून का भय उत्पन्न करना तथा पर्व के दौरान शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना है. रीवा पुलिस द्वारा मोहर्रम पर्व के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है. रीवा पुलिस ने नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में मनाने की अपील की है. इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों ने कमेटी के सदस्यों से चर्चा कर सहयोग की अपील की है. साथ ही कहा कि अगर किसी तरह की दिक्कत आती है तो इसकी जानकारी दे, व्यवस्था में सहयोग करे.

## मोहर्रम के मौके पर आज निकलेगा जुलूस

**रीवा, 25 जून,** शहादत की याद में मनाये जाने वाले मुहर्रम त्योहार की तैयारियां पूरी कर ली गई है. गुरूवार को देर रात शहर एवं जिले की सभी ताजिया चौको पर ताजिया रख कर फातिहा दरूद किया गया. उक्त आशय की जानकारी देते हुये जिला मोहर्रम कमेटी के सरपरस्त एवं प्रवक्ता एड0 महमूद खान ने बताया कि जिला मोहर्रम कमेटी द्वारा घोषित प्रोग्राम के मुताबिक 26 जून को सुबह 05:00 बजे तरहटी की सभी ताजिया ढोल साहभोलन सिटी कोतवाली पहुचेगे तथा फिर वहां से फोर्ट रोड होते हुए छोटी दरगाह आयेगे. उसके बाद धोबिया टंकी होकर गोविन्दगढ़ मार्ग से बिछिया तकिया मजार में जायेगे. जुमा की नमाज बाद दोपहर 03:00 बजे अपने-अपने चौको से चल कर शाहभोलन जायेगे तथा फिर वहां से शहर का मुख्य जुलूस शाम 07:00 बजे फोर्ट रोड, सिंधी चौराहा होते हुए बड़ी दरगाह जाएगा.

# सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों का माल पार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 जून, शहर के बिछिया थाना क्षेत्र के गुढ चौराहे में सूने आवास में 10 लाख की चोरी का मामला प्रकाश में आया है. देर रात घर के पीछे के रास्ते से घुसे चोरों ने 5 लाख सोने के जेवरात शाहित घर में रखे कई कीमती सामान चुरा ले गए है. घटना के दौरान घर के मालिक शादी समारोह में शामिल होने गए थे वहां से वापस आने पर उन्हें चोरी की जानकारी हुई.**



घटना के संबंध में कमला जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते 19 तारीख को वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने परिवार सहित कैमोर चली गई थी. जहां से वापस आई तो उन्होंने पाया कि घर के अंदर का सामान बिखरा पड़ा है और सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी गायब है. कमला जायसवाल ने बताया कि उन्हें अपनी बेटी की शादी करनी थी जिसके लिए उन्होंने सोने के जेवरात बनवाए थे और पैसे भी एकत्रित करके रखे थे. पीड़िता की माने तो अज्ञात चोरों ने तकरीबन 10 लाख रुपए से ज्यादा की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. अज्ञात चोर घर के पीछे के रास्ते से घर के अंदर घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए हैं.

# आबकारी ने पकड़ा महुआ लाहन और शराब

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 जून, जिला आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अलग अलग स्थानों में दविश देकर 15 किलो 40 ग्राम महुआ लाहन और 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद किया गया है.**

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम-सिगटीपूर्वा मे नाथूलाल चर्मकार के रिहायशी मकान से 43 पाव जीनियस व्हिस्की, 53 पाव देशी प्लेन मदिरा, ग्राम-माजन मे पुष्पेंद्र तिवारी के रिहायशी मकान से 11 पाव जीनियस व्हिस्की, ग्राम-लखवार मे अरुणा जायसवाल के रिहायशी मकान से उत्तर प्रदेश सरकार की निर्मित 43 पाव शराब ग्राम-टगहा मे केदार नाथ प्रजापति के रिहायशी मकान से 80 किलोग्राम महुआ लाहन ग्राम-बरौली ठाकुरान मे राजकुमार माझी के रिहायशी मकान से 240 किलोग्राम महुआ लाहन,रत्ना माझी के रिहायशी मकान से 180 किलोग्राम महुआ लाहन,बंदना माझी के रिहायशी मकान से 400 किलोग्राम महुआ लाहन और 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, नीलम देवी माझी के रिहायशी मकान से 500 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा ग्राम-जवा बस्ती मे ममता माझी के रिहायशी मकान से 140 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किये गये. गौरतलब है कि जिले भर में अवैध शराब का कारोबार थमने का नाम नही ले रहा है. कार्यवाही के बाद भी इस पर रोक नही लग पा रही है.

# रास्ता रोक कर युवकों के साथ मारपीट

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 जून, शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में बीती रात बाइक सवार युवकों ने दो लोगों के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया.**

घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हुए है. जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है. पीड़ित घोघर निवासी सरफराज अंसारी ने बताया कि वह बीती रात जुनैद अंसारी के साथ निपानिया से घोघर की और जा रहा था तभी बंदरिया मोड के समीप बाइक सवार युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया. आरोपियों ने गाली गलौज देते हुए लाठी डंडों से हमला किया. फरियादी के अनुसार हमला निपनिया निवासी सैफ मंसूरी एवं उसके साथियों ने किया है.

## बोलेरो ने बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर

जिले के पनवार थाना अंतर्गत पटियारी गांव के पास बीती रात रामबाग तरफ से आ रही बुलेरो ने बाइक को जोरदार टक्टर मार दिया. जिसमें बाइक सवार 2 युवक बुरी तरह से घायल हो गए. जानकारी के अनुसार आशीष तिवारी निवासी रैकवारा थाना पनवार और दीपक गुप्ता निवासी रामबाग दोनों लटियार गांव की तरफ से रामबाग जा रहे थे. इसी दौरान सामने से आ रही बुलेरो ने बाइक को टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. मौके पर मौजूद लोगों ने डायल 112 को सूचना दिया मौके पर पहुंची पनवार पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जवा ले जाया गया जहां से प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया साथ ही पुलिस घटना की जांच कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है यह घटना देर रात 9 बजे के आस पास की बताई जा रही है.

## संक्षिप्त

### नेशनल हाईवे-75 पर बाइक फिसलने से दो घायल

**रीवा,** नेशनल हाईवे-75 पर एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. दोनों घायल युवकों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवक सीधी से रीवा की ओर जा रहे थे. इसी दौरान सड़क किनारे पड़ी गिट्टी के कारण उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई और दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े. हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई. स्थानीय नागरिकों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत डायल 108 एम्बुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुढ़ पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार कराया गया है. घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे रखी गई गिट्टी और बढ़ते अतिक्रमण पर सवाल उठाए हैं. लोगों का कहना है कि नेशनल हाईवे के किनारे अव्यवस्थित रूप से निर्माण सामग्री रखे जाने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है. स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि गुढ़ नगर परिषद एवं संबंधित विभाग सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण और बाधाओं को हटाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करें, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके.



### ईव्हीएम वेयर हाउस का किया गया त्रैमासिक निरीक्षण

**रीवा,** प्रभारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षत जैन ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईव्हीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया. भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदान के लिए उपयोग की गयी ईव्हीएम का नियमित त्रैमासिक निरीक्षण के क्रम में ईव्हीएम वेयर हाउस को खोला गया और प्रभारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने निरीक्षण किया. इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक भी उपस्थित रहे.




### गुढ़ पुलिस ने साइबर फ्रॉड के प्रति किया जागरूक

**गुढ़,** जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और आम नागरिकों को डिजिटल रूप से सुरक्षित व जागरूक बनाने के उद्देश्य से सेफ क्लिक 2.0 अभियान का संचालन किया जा रहा है. इसी तारतम्य में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के दिशा निर्देशन और मार्गदर्शन में थाना गुढ़ क्षेत्र के अंतर्गत साइबर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया. इस रैली का मुख्य उद्देश्य स्थानीय नागरिकों व्यापारियों और युवाओं को ऑनलाइन वित्तीय फ्रॉड फर्जी व संदिग्ध लिंक्स के खतरों अनजाने में होने वाली ओटीपी शेयरिंग तथा वर्तमान में सर्वाधिक चर्चित डिजिटल अरेस्ट जैसी नई ठगी पद्धतियों के प्रति सतर्क और जागरूक करना था. इस जागरूकता रैली का नेतृत्व थाना प्रभारी गुढ़ शैल यादव द्वारा किया गया. रैली में थाना गुढ़ का समस्त पुलिस बल और स्टाफ पूरी मुस्तैदी के साथ शामिल हुआ. पुलिस टीम ने गुढ़ नगर के विभिन्न वार्डों, मुख्य चौराहों, व्यस्त बाजारों और घनी आबादी वाले क्षेत्रों का सघन भ्रमण किया. भ्रमण के दौरान पुलिस बल द्वारा लाउड स्पीकर के माध्यम और बैनर पोस्टर प्रदर्शित कर लोगों को जागरूक किया.

# आज का दिन भारतीय लोकतंत्र के लिए इतिहास का सबसे काला दिन है : मिश्रा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 जून, संविधान हत्या दिवस आपातकाल के काले अध्याय के 51 वर्ष पर 25 जून को स्मरण प्रदर्शनी एवं विचार गोष्ठी भाजपा कार्यालय अटल कुंज में सम्पन्न हुई. जिसके मुख्य अतिथ पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, सांसद जनार्दन मिश्रा की उपस्थिति, जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में संभागीय कार्यालय रीवा में आपातकाल के 51 वर्ष पूर्ण होने पर में विचार गोष्ठी हुई.**




आपातकाल के 51 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा संभागीय कार्यालय अटल कुंज ढेकहा रीवा आपातकाल की विभीषिका को प्रकट करने वाले प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसमें आपातकाल के सभी बिन्दुओं को कुरेदा गया है. विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि आज 25 जून का दिन भारतीय लोकतंत्र के लिए इतिहास का सबसे काला दिन है, 25 जून 1975 को देश के अंदर अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए कांग्रेस पार्टी ने देश में आधी रात को आपातकाल लागू किया था. रातों रात देश को जेल में तब्दील कर दिया गया था देशवासियों के मौलिक अधिकार स्थगित कर दिए गए थे आपातकाल की घोषणा के साथ ही भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं क़ो रातों रात बंधक बना दी गई. इस अवसर पर विन्ध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पंचूलाल प्रजापति, पूर्व विधायक प्रभाकर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष विद्या प्रकाश श्रीवास्तव, पूर्व प्रदेश मंत्री राजेश पाण्डेय, पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती ममता गुप्ता, श्रीमती मनीषा पाठक, राजेन्द्र पाण्डेय, सतना जिलाध्यक्ष भगवती पाण्डेय, सतना प्रभारी बी एस ठाकुर, राजेश प्रताप सिंह कार्यक्रम प्रभारी, अनिल पटेल मुख्य रूप से रहे.

### शॉल-श्रीफल के साथ पुष्प वर्षा कर किया सम्मान

मीसाबंदी व उनके परिवारों को पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा द्वारा साल, श्रीफल व माला पहनाकर एवं सामूहिक रूप से लोकतंत्र सेनानियों पर पुष्प वर्षा कर सम्मान किया गया. जिसमें से स्व. केशव पाण्डेय, स्व. अर्जुन सिंह चौहान, स्व. कौशलेन्द्र प्रसाद मिश्रा, राजेन्द्र ताम्रकार, जनार्दन मिश्रा, बसंत दुबे, अरूण दुबे, रमाकांत पाण्डेय, महेश्वरी त्रिपाठी, रामजी ताम्रकार, मोहनलाल गुप्ता, दुर्गेश दुबे, रामभुवन त्रिपाठी, रामकिशोर ताम्रकार, हरिनाम घंसाणी, रघुनन्दन प्रसाद सतना से प्रभाकर सिंह, केशव भारती, शंकरलाल ताम्रकार, स्व. केदारनाथ गुप्ता, स्व. रामानन्द सिंह, स्व. जयंत तिवारी प्रमुख रूप रहे.

# स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक होगा विकसित

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 जून, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स रीवा के विकास कार्यों की समीक्षा की. उन्होंने रीवा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक के निर्माण के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.**

उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार करने के लिए विश्वस्तरीय खेल अधोसंरचना का विकास समय की आवश्यकता है.

प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है. विंध्य क्षेत्र में आधुनिक खेल सुविधाओं के विकास से खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण, अभ्यास और प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा. इससे क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा तथा वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे.

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने खेल अधोसंरचना विकास के कार्यों में तेजी लाने तथा खिलाड़ियों की आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि रीवा में सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण क्षेत्र में एथलेटिक्स गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा.

## मछली मारने पर प्रतिबंध

**रीवा, 25 जून,** वर्षाकाल का आरंभ मछलियों का प्रजनन काल होता है. इसे ध्यान में रखते हुए जिले के सभी जलाशयों में 16 जून से 15 अगस्त तक मछली मारने पर प्रतिबंध के आदेश दिए गए हैं. इस अवधि में मछली का शिकार, विनिमय तथा परिवहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा. आदेश मध्यप्रदेश नवीन मत्स्योद्योग नियम 1972 के तहत जारी किया गया है. प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर एक वर्ष के कारावास अथवा पांच हजार के जुर्माने या दोनों से दण्डित किया जाएगा.

# धोबिया टंकी चौराहे पर नशे में धुत ऑटो चालक को भीड़ ने पीटा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 जून, शहर के धोबिया टंकी चौराहे पर आज जमकर हंगामा देखने को मिला. यहां नशे में धुत ऑटो चालक ने पहले बाइकों को टक्कर मारी और फिर उल्टा विवाद करने लगा.**

इस दौरान मौजूद भीड़ ने नशे में धुत ऑटो चालक की जमकर पिटाई कर दी. फिलहाल बीच चौराहे में ऑटो चालक द्वारा किए गए हंगामे और मारपीट का वीडियो सामने आया है, जिसमें कुछ लोग ऑटो चालक पर नशे में होने का आरोप लगाकर उसे पीटते नजर आ रहे हैं. वही चौराहे पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया है. दरअसल यह घटना आज उस वक्त हुई जब नशे में धुत होकर ऑटो चालक तेज रफ्तार में सड़क से गुजर रहे दो अलग-अलग बाइक सवारों को टक्कर मार दी. घटना के बाद बाइक सवारों ने आटो चालक को पीटा.

# छात्रों की गूंज कार्यक्रम में छात्रों से आज संवाद करेगी कांग्रेस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 जून, नीट परीक्षा सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों तथा छात्रों के भविष्य से जुड़े गंभीर मुद्दों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी रीवा ग्रामीण एवं शहर के संयुक्त तत्वावधान में ''छात्रों की गूंज'' संवाद कार्यक्रम 26 जून को सुबह 11:30 बजे वृन्दावन मैरिज गार्डेन में होगा.**

जिसमें स्कूल एवं कालेज के छात्रों, शिक्षाविद्, तथा अभिभावकों को आमंत्रित किया गया है. उल्लेखनीय है कि हाल ही में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कोटा में आयोजित ''छात्रों की गूंज'' कार्यक्रम में छात्रों से संवाद करते हुए पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखी थी. उसी क्रम में रीवा में भी छात्रों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों और चिंताओं को सुनने का प्रयास किया जाएगा. जिला कांग्रेस कमेटी रीवा ने सभी से पहुंचने की अपील की है.

# साइबर अपराधों के प्रति छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 जून, मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशभर में चलाए जा रहे 'सेफ क्लिक 2.0 - सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित जीवन' साइबर सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान के तहत रीवा पुलिस भी अभियान को प्रभावी रूप से क्रियान्वित कर रही है.**




रीवा पुलिस अधीक्षक गुरकरण सिंह के निर्देशन में बाल भारती स्कूल रीवा में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, सीएसपी ऋतु उपाध्याय एवं थाना प्रभारी अमहिया शिवा अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए सुरक्षित डिजिटल जीवन के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान समय में ओटीपी फ्रॉड, यूपीआई स्कैम, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट, पहचान की चोरी, साइबर बुलिंग, डेटा ब्रीच, फेक जॉब ऑफर, क्रिप्टोकरेंसी फ्रॉड और हैकिंग जैसे साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं. इनसे बचने के लिए सतर्कता और जागरूकता सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है. यदि कभी साइबर ठगी का शिकार हों तो तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की.

# रास्ते में करंट दौड़ाकर सरपंच परिवार को किया घर में कैद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 जून, जिले के त्योंथर ग्राम पंचायत अमाव में आम रास्ते को लेकर चल रहा विवाद अब गंभीर रूप लेता जा रहा है. किसी भी दिन कोई बड़ी घटना घट सकती है.**

हैरानी की बात यह है कि एसडीएम सुरभि जैन द्वारा मौके पर पहुंचकर रास्ता खुलवाने के बाद भी दबंगों के हौसले बुलंद है. आरोप है कि एसडीएम के लौटते ही रात के अंधेरे में विवादित स्थान पर पानी भर दिया गया और कांटेदार तार लगाकर उसमें करंट प्रवाहित कर दिया गया. बताया जा रहा है कि इस खतरनाक हरकत से गांव के बुजुर्ग और मासूम बच्चे करंट की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए. परिवार के लोगों का कहना है कि घर में बीमार बुजुर्गों को इलाज के लिए बाहर ले जाना था, लेकिन रास्ते में लगाए गए करंटयुक्त तारों के कारण वे घरों में ही कैद होकर रह गए. ग्राम पंचायत अमाव की सरपंच आरती मिश्रा ने आरोप लगाया है कि दबंगों द्वारा लगातार डराने और रास्ता अवरुद्ध करने की कोशिश की जा रही है. उन्होंने एसडीएम एवं कलेक्टर से अपने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है. सरपंच का कहना है कि प्रशासनिक कार्रवाई के बावजूद यदि दबंग खुलेआम कानून को चुनौती दे रहे हैं तो यह बेहद चिंताजनक स्थिति है. स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है. जिसकी समस्त जिम्मेदार पुलिस प्रशासन की होगी.

# जिले में अब तक 18 .4 मिली मीटर वर्षा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 जून, जिले की सभी तहसीलों में मानसून पूर्व की वर्षा शुरू हो गई है. सभी तहसीलों में हवाओं तथा गरज-चमक के साथ वर्षा हो रही है.**

जिले में एक जून से अब तक कुल 18.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है. जिले में 25 जून को जिले में 5.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई. अब तक तहसील हुजूर में 30.3 मिली मीटर, रायपुर कर्चुलियान में 5 मिलीमीटर, गुढ़ में 48 मिली मीटर, सिरमौर में 7 मिलीमीटर, त्योंथर में 2 मिली मीटर, सेमरिया में 28 मिली मीटर, मनगवां में 8 मिली मीटर तथा जवा में 19 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है. गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 107.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी.